Seventeenth Loksabha

an>

Title : To give jobs to the children of farmers whose land was acquired for railway project

श्री गणेश सिंह (सतना): अध्यक्ष महोदय, रेल मंत्रालय विन्ध्य एवं बुन्देलखण्ड के पिछड़ेपन को दूर करने के लिये ललितपुर सिंगरौली रेल मार्ग का निर्माण कर रहा है। यद्यपि यह योजना बहुत विलम्ब से चल रही है। किसानों की जमीन का अभी तक पूरी तरह से मुआवजा भी नहीं मिला है।

ललितपुर सिंगरौली निर्माणाधीन रेल मार्ग में मेरे लोकसभा क्षेत्र सतना का रीवा से तुर्की, सतना, नागौद, देवेन्द्रनगर, पन्ना तक का मार्ग आता है। जिन किसानों की जमीन अधिग्रहीत की गई है, उनके आश्रित को नौकरी देने के जो आदेश इस पूरे प्रोजेक्ट के लिये रेलवे बोर्ड ने वर्ष 2010 में किये थे, उसी के तहत सतना-पन्ना में 1207, सतना-रीवा डबलिंग में 469 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें सतना-पन्ना में 276 आवेदकों को नौकरी दी गई है। जबकि इसी प्रोजेक्ट का हिस्सा रीवा- सतना डबलिंग में एक को भी अभी तक नौकरी नही दी गई, जबकि रीवा सीधी सिंगरौली के बीच 2082 लोगों के आवेदन पत्रों में से 1153 लोगों को नौकरी दी जा चुकी है।

शेष आवेदनों पर विचार बंद कर दिया गया है। मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत लगाये गये एक अतारांकित प्रश्न क्रं. 171 का उत्तर दिनांक 11 नवम्बर, 2019 को दिया था, जिसमें किसानों की भूमि अधिग्रहण की गई थी और उनके आश्रितों को नौकरी देने के निर्णय को वापस ले लिया गया।

वर्ष 2010 में रेल मंत्रालय ने एक निर्णय लिया था कि इस परियोजना में जिन किसानों की जमीन अधिगृहीत की जायेगी, उनके आश्रितों को नौकरी दी जायेगी। उसी के तहत कुछ लोगों को नौकरी भी दी गई है, लेकिन शेष प्रभावित किसानों के बच्चे भटक रहे हैं, उनको नौकरी अभी तक नहीं दी जा रही है। एक ही परियोजना में कुछ को लाभ दिया गया और कुछ को नहीं दिया गया है, यह न्यायोचित नहीं है।

मै माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि मेरे लोकसभा क्षेत्र सतना के अन्तर्गत आने वाले जिन किसानों की या हितग्राहियों की जमीन ली गई है, उनके बच्चों को नौकरी दी जाए। धन्यवाद।